# यूपी ने जापान के साथ निवेश साझेदारी की मजबूत

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** जापान में अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जेट्रो (जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों से उच्च-स्तरीय बैठक की।

इसके साथ ही साइटामा स्थित सेइको एडवांस की विनिर्माण इकाई का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश की नीतिगत स्थिरता, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) तथा तकनीकी सेवाओं में मौजूद अवसरों को प्रमुखता से प्रस्तुत करना था।

जेट्रो के साथ हुई बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की जीसीसी नीति, बेहतर होते उद्योग-अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल मानव संसाधन और लागत-प्रभावी कारोबारी माहौल की विस्तृत जानकारी दी गई। जेट्रो के अधिकारियों चीफ डायरेक्टर जनरल तकाशी सुजुकी, सीनियर डायरेक्टर यूजी एंडो और ग्लोबल स्ट्रैटेजी टीम (दक्षिण पश्चिम एशिया) से हारुनोबु हारा ने भारत में प्रस्तावित जीसीसी-केंद्रित कार्यक्रम पर आगे सहयोग की इच्छा जताई।

## जापानी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश को पसंदीदा गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया

चर्चा का मुख्य केंद्र यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में प्रस्तावित जापानी सिटी रही, जिसे जापानी निवेशकों के लिए विशेष औद्योगिक एवं आवासीय परिसर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से बड़े पैमाने पर विनिर्माण और सेवाक्षेत्र निवेश आकर्षित करने की संभावनाओं पर जोर दिया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने साइटामा प्रीफ़ेक्चर के हसुदा शहर स्थित सेइको एडवांस की विनिर्माण इकाई का भी दौरा किया और उत्पादन प्रक्रिया तथा प्रबंधन के साथ तकनीकी चर्चा की। यह संवाद विशेष रूप से कंपनी के ग्रेटर नोएडा स्थित इकाई के विस्तार, भूमि एवं इंफ्रास्ट्रक्चर आवश्यकताओं, फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी, एसजीएसटी रिफंड, कौशल विकास प्रोत्साहन, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में छूट सहित उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन संरचना से संबंधित रहा।